## खास-खबरें

### जनजाति आयोग सदस्य मंगल सिंह धुर्वे ने किए महाकाल और काल भैरव के दर्शन



**नईदुनिया, प्रतिनिधि, उज्जैनः** मध्यप्रदेश राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग के सदस्य मंगल सिंह धुर्वे ने शनिवार को उज्जैन प्रवास के दौरान श्री महाकालेश्वर मंदिर और काल भैरव मंदिर में दर्शन-पूजन कर प्रदेश की सुख-समृद्धि एवं जनकल्याण की कामना की। महाकालेश्वर मंदिर पहुंचने पर प्रशासनिक अधिकारियों और मंदिर समिति के प्रतिनिधियों ने उनका स्वागत किया। धुर्वे ने नंदी हॉल से बाबा महाकाल के दर्शन किए और मंदिर परिसर में चल रहे विकास कार्यों की सराहना की। उन्होंने श्रद्धालुओं के लिए उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी लेते हुए महाकाल लोक की भव्यता को आध्यात्मिक ऊर्जा का केंद्र बताया। इसके बाद उन्होंने काल भैरव मंदिर पहुंचकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की तथा आरती में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने मंदिर की धार्मिक परंपराओं और महत्व पर चर्चा करते हुए मंदिर समिति की व्यवस्थाओं की सराहना की। दौरे के समापन पर मंदिर समिति की ओर से मंगल सिंह धुर्वे का भगवान का प्रसाद और दुपट्टा भेंट कर सम्मान किया गया।

### गुरु पूर्णिमा पखवाड़े के तहत भाषण, निबंध और चित्रकला प्रतियोगिताओं का आयोजन

**नईदुनिया प्रतिनिधि, सीहोरः** गुरु पूर्णिमा पखवाड़े के अवसर पर मुंगावली स्कूल में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास तथा भारतीय संस्कृति के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से विभिन्न शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के पूजन, दीप प्रज्वलन एवं छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत गुरु वंदना से हुई। इसके पश्चात गुरु पूर्णिमा पखवाड़े के अंतर्गत मेरे जीवन में गुरु का महत्व विषय पर भाषण प्रतियोगिता, निबंध लेखन एवं चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई। सभी प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह और रचनात्मकता के साथ सहभागिता की। विद्यालय के प्राचार्य राजेश कसौटिया ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए भारतीय गुरु-शिष्य परंपरा के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि गुरु केवल शिक्षा ही नहीं देते, बल्कि जीवन को सही दिशा भी प्रदान करते हैं। उन्होंने सभी प्रतिभागियों की सराहना करते हुए उन्हें निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

### बच्चों के बीच मनाया जन्मदिन, शिक्षण सामग्री बांटकर दिया सेवा और पर्यावरण संरक्षण का संदेश



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भैरूंदाः** नगर में जन्मदिन को समाज सेवा से जोड़ने की अनूठी पहल देखने को मिली। शासकीय सद्दाम स्कूल में आरव पंवार ने अपना नौवां जन्मदिन जरूरतमंद बच्चों के बीच मनाकर सेवा, संस्कार और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। आरव पंवार अपने पिता अर्जुन पंवार और बहन नमामि पंवार के साथ स्कूल पहुंचे, जहां उन्होंने करीब 80 छात्र-छात्राओं को पेन और कॉपियां वितरित कीं। इसके साथ ही सभी बच्चों को केले भी बांटे गए। बच्चों के बीच केक काटकर जन्मदिन मनाया गया, जिससे विद्यालय में उत्साह का माहौल रहा।

### काम का झांसा देकर नाबालिग से दुष्कर्म का आरोप, आरोपी गिरफ्तार

**नईदुनिया प्रतिनिधि, उज्जैनः** नागझिरी थाना क्षेत्र में काम दिलाने का झांसा देकर एक नाबालिग से दुष्कर्म करने के आरोप में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपहरण और पॉक्सो एक्ट सहित अन्य प्रासंगिक धाराओं में मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार आरोपी कान्हा पिता जगदीश परमार निर्माण कार्य में मिस्त्री और एक गार्डन में चौकीदार का कार्य करता था। आरोप है कि उसने नाबालिग को काम दिलाने का लालच देकर अपने साथ ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। बाद में आरोपी पीड़िता को थाने के बाहर छोड़कर फरार हो गया। परिजनों की शिकायत पर नागझिरी थाना पुलिस ने तत्काल प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की। तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने कुछ ही घंटों में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

# पीएम आवास योजना के 305 हितग्राहियों को पहली किस्त, 315 परिवारों को मिले आवासीय पट्टे



रायसेन, 18 जुलाई। प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 के तहत शनिवार को रायसेन में आयोजित कार्यक्रम में 305 पात्र हितग्राहियों के बैंक खातों में आवास निर्माण की पहली किस्त सिंगल क्लिक के माध्यम से हस्तांतरित की गई। साथ ही 315 परिवारों को आवासीय पट्टों का वितरण कर उन्हें जमीन का मालिकाना हक प्रदान किया गया। कार्यक्रम के अंत में शहर की पेयजल व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए पांच नए पानी के टैंकरों को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

मुख्य अतिथि सांची विधायक एवं पूर्व मंत्री डॉ. प्रभुराम चौधरी ने कहा कि सरकार का लक्ष्य प्रत्येक पात्र गरीब परिवार को पक्का मकान और जमीन का मालिकाना हक उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि शहर के सभी पात्र परिवारों को चरणबद्ध तरीके से योजना का लाभ दिया जाएगा।

कार्यक्रम के दौरान 80 वर्षीय एक बुजुर्ग महिला को आवासीय पट्टा और पहली किस्त मिलने पर भावुक माहौल बन गया। उन्होंने खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें जीवन में अपनी जमीन और पक्का घर मिलने की उम्मीद नहीं थी। नगर पालिका की मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुरेखा जाटव ने बताया कि पात्र हितग्राहियों को योजना का लाभ चरणबद्ध तरीके से उपलब्ध कराया जा रहा है।

**जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों की रही मौजूदगी:** कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष सविता जमुना सेन, भाजपा जिलाध्यक्ष राकेश शर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। नगर पालिका की मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) सुरेखा जाटव ने बताया कि पात्र हितग्राहियों को योजना का लाभ चरणबद्ध तरीके से दिया जा रहा है। इस अवसर पर एसडीएम मनीष शर्मा, सिटी मैनेजर रानी तिवारी, पार्षदगण तथा बड़ी संख्या में हितग्राही भी उपस्थित रहे।

# रेस्टोरेंट में तोड़फोड़ के आरोपी का पुलिस ने निकाला जुलूस

- आरोपियों के खिलाफ मारपीट, तोड़फोड़, अड़ीबाजी और बलवे सहित विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज
- आरोपी पर पहले से ही 16 गंभीर केस दर्ज हैं

**नईदुनिया प्रतिनिधि, आष्टाः** आष्टा थाना पुलिस ने रेस्टोरेंट में तोड़फोड़, मारपीट और अड़ीबाजी के मामले में मुख्य आरोपी श्याम पटेल को गिरफ्तार कर उसका जुलूस निकाला। पुलिस ने आरोपी को सड़क मार्ग से थाने तक ले जाकर कार्रवाई की। मामले में उसके एक साथी संदीप वर्मा को भी गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस के अनुसार ग्राम कोठरी स्थित रेस्टोरेंट संचालक मुकेश वर्मा ने शिकायत दर्ज कराई थी कि श्याम पटेल अक्सर बिना पैसे दिए रेस्टोरेंट में भोजन करता था और विरोध करने पर धमकी देता था। हाल ही में वह अपने साथियों के साथ रेस्टोरेंट पहुंचा और कथित तौर पर 25 हजार रुपये की मांग की। रुपये नहीं देने पर आरोपियों ने संचालक और उसके पुत्र के साथ मारपीट की तथा रेस्टोरेंट में तोड़फोड़ कर कांच, एसी सहित अन्य सामान को नुकसान पहुंचाया।

शिकायत के आधार पर पुलिस ने श्याम पटेल, संदीप वर्मा और अन्य आरोपियों के खिलाफ मारपीट, तोड़फोड़, अड़ीबाजी और बलवे सहित विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू की। थाना प्रभारी गिरीश दुबे के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कई स्थानों पर दबिश देकर मुख्य आरोपी श्याम पटेल और उसके साथी संदीप वर्मा को ग्राम महोड़िया क्षेत्र से गिरफ्तार किया।

पुलिस के अनुसार श्याम पटेल सूचीबद्ध गुंडा है और उसके खिलाफ आष्टा, मंडी तथा कोतवाली थानों में मारपीट, हत्या के प्रयास सहित 16 गंभीर आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं। उसके विरुद्ध जिलाबदर की कार्रवाई भी विचाराधीन है। पुलिस ने कहा कि क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बिगाड़ने वाले अपराधियों के खिलाफ सख्त अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# पुरातत्व विभाग के मार्ग दर्शन में होगा निर्माण : सिंधिया



**नईदुनिया प्रतिनिधि, चंदेरीः** केन्द्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने आज चंदेरी स्थित मां जागेश्वरी मंदिर परिसर में लगभग 20 करोड़ की लागत से चल रहे जीर्णोद्धार एवं विकास कार्यों की विस्तृत जानकारी समीक्षा की।

श्री सिंधिया ने कहा कि हमारी आस्था इतिहास और सांस्कृतिक विरासत से कोई समझौता नहीं होना चाहिए।

सिंधिया ने स्पष्ट निर्देश दिए कि मंदिर स्थित विकास कार्यों में सी सी रोड के स्थान पर पारंपरिक पत्थरों का ही प्रयोग किया जावे। संपूर्ण जीर्णोद्धार राज्य पुरातत्व विभाग के मार्ग निर्देशन में ही हो तथा चंदेरी और ग्वालियर के पारंपरिक पत्थरों का ही प्रयोग किया जावे टाईल्स से लेकर रेलिंग तक प्रत्येक निर्माण स्थानीय कला ओर विरासत के अनुरूप हो।

सिंधिया ने कहा कि सिंधिया परिवार के पूर्वज श्रीं मंत माधवराव सिंधिया प्रथम द्वारा बर्ष 1894मे सागर तालाब का निर्माण करवाया गया था जो ऐतिहासिक धरोहर का महत्वपूर्ण प्रतीक है मां जागेश्वरी मंदिर सागर ताल ऐतिहासिक झरोखों की मूल पहचान है।जिसकी सुरक्षा करना हमारा कर्तव्य होगा।

### पारंपरिक व्यंजनों को बढ़ावा देने के लिए कुकिंग प्रतियोगिता आयोजित

**गंजबासौदा।** भोपाल मेला उत्सव समिति एवं भारतीय सिंधु सभा, गंजबासौदा के संयुक्त तत्वावधान में पारंपरिक व्यंजनों को संरक्षित और नई पीढ़ी तक पहुंचाने के उद्देश्य से कुकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। संस्था द्वारा यह आयोजन पिछले 18 वर्षों से लगातार किया जा रहा है। प्रतियोगिता में नगर की 21 महिलाओं ने भाग लेकर ऐसे पारंपरिक व्यंजन तैयार किए, जो समय के साथ घरों की रसोई से लगभग विलुप्त होते जा रहे हैं। आयोजकों ने बताया कि प्रतियोगिता का उद्देश्य पुरातन खान-पान की परंपरा को जीवित रखना तथा युवा पीढ़ी को इन व्यंजनों से जोड़ना है। प्रतियोगिता का मूल्यांकन करने के लिए भोपाल से पिंकी लालवानी, किरण बत्रा और सुनीता बत्रा निर्णायक के रूप में उपस्थित रहीं। उन्होंने प्रतिभागियों के व्यंजनों का स्वाद, प्रस्तुति और पारंपरिक स्वरूप के आधार पर मूल्यांकन किया।

# सेवा सुरक्षा की मांग को लेकर शिक्षकों ने केंद्रीय मंत्री सिंधिया को सौंपा ज्ञापन



**नईदुनिया प्रतिनिधि, चंदेरीः** शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) के पूर्व प्रभाव (रेट्रोस्पेक्टिव) से प्रभावित सेवारत शिक्षकों ने अपनी सेवा सुरक्षा की मांग को लेकर केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री एवं सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया को प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में शिक्षकों ने कहा कि वे शासन द्वारा निर्धारित नियमों के तहत पिछले 25 से 30 वर्षों से सेवाएं दे रहे हैं और शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर परिणाम देकर देश निर्माण में योगदान दे रहे हैं। उनका कहना है कि शिक्षा का अधिकार अधिनियम की संशोधित नियमावली-2017 के आधार पर सुप्रीम कोर्ट के हालिया आदेश के बाद सेवारत शिक्षकों के लिए शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) अनिवार्य किए जाने से उनकी आजीविका पर संकट खड़ा हो गया है।

शिक्षकों ने मांग की कि आगामी संसद सत्र में आवश्यक विधायी संशोधन कर उनकी सेवा सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि वर्तमान व्यवस्था के अनुसार 31 अगस्त 2028 के बाद टीईटी अनिवार्य होने से बड़ी संख्या में सेवारत शिक्षकों की नौकरी प्रभावित होने की आशंका है।

ज्ञापन प्राप्त करने के बाद केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने शिक्षकों को उनकी मांगों पर हरसंभव प्रयास करने और सेवा सुरक्षा के संबंध में उचित स्तर पर पहल करने का आश्वासन दिया।

ज्ञापन सौंपने वालों में अध्यापक-शिक्षक संयुक्त मोर्चा के ब्लॉक अध्यक्ष प्रकाश राय, बब्बू राजा बुंदेला, रूपसिंह बुंदेला, शालिकराम शर्मा, अनंत सिंह तोमर, ग्यारसी लाल, प्रतिपाल सिंह सहित बड़ी संख्या में शिक्षक उपस्थित रहे।

# मोरपंख की पर्णकुटी में सजा छप्पन भोग, जय जगन्नाथ के जयघोष से गूंजा नौलखी मंदिर



**नईदुनिया प्रतिनिधि, गंजबासौदाः** रथयात्रा महोत्सव के तहत स्टेशन रोड स्थित श्री नौलखी मंदिर में आयोजित श्रीजगन्नाथ महात्म्य कथा के दूसरे दिन भक्ति और श्रद्धा का अनूठा वातावरण देखने को मिला। भगवान श्रीजगन्नाथ, बलभद्र और माता सुभद्रा को मोरपंख से सुसज्जित पर्णकुटी में विधि-विधान से छप्पन भोग अर्पित किया गया। महाआरती और संकीर्तन के दौरान पूरा मंदिर परिसर जय जगन्नाथ के जयघोष से गुंजायमान हो उठा।

कथा व्यास श्री महंत राम मनोहर दास महाराज ने पुरुषोत्तम क्षेत्र जगन्नाथपुरी की महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि वहां श्रद्धापूर्वक एक रात्रि का निवास भी अनेक यज्ञ, दान और तीर्थयात्राओं के समान पुण्य प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि भगवान तक पहुंचने का मार्ग श्रद्धा और समर्पण है तथा पुरुषोत्तम क्षेत्र में भगवान जगन्नाथ के दर्शन से मनुष्य के पापों का नाश होता है।

रात्रि में संकीर्तन और महाआरती के बाद महाप्रभु को विभिन्न प्रकार के मिष्ठान्न, फल और व्यंजनों से सुसज्जित छप्पन भोग अर्पित किया गया। यह आयोजन श्रद्धालु नरेश गुप्ता एवं उनके परिवार की ओर से कराया गया। छप्पन भोग के बाद महाप्रसादी का वितरण किया गया, जिसे श्रद्धालुओं ने भक्तिभाव से ग्रहण किया।

मंदिर समिति के अनुसार रथयात्रा महोत्सव के अंतर्गत 25 जुलाई तक प्रतिदिन कथा, संकीर्तन, आरती और महाप्रसादी का आयोजन किया जाएगा। प्रतिदिन महाप्रभु का अलग-अलग स्वरूप में श्रृंगार किया जा रहा है, जिसके दर्शन के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंच रहे हैं।

### पालकी यात्रा, तैयारियों को लेकर आज होगी बैठक

**सीहोर।** श्रावण मास भगवान शिव की आराधना, भक्ति और आध्यात्मिक साधना का पावन पर्व माना जाता है। इसी पवित्र अवसर पर प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी नगर में 25वीं श्री सिद्धेश्वर महादेव भव्य पालकी यात्रा का आयोजन श्रद्धा एवं भक्तिभाव के साथ किया जाएगा। आज, 19 जुलाई (रविवार) सुबह 10 बजे होटल राजदीप (तृतीय तल), बैंक ऑफ बड़ौदा के ऊपर, बस स्टैंड, सेकड़ाखेड़ी रोड, सीहोर में आयोजन समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित होगी।श्री सिद्धेश्वर महादेव समिति पालकी यात्रा के संस्थापक किशोर कौशल ने बताया कि यह यात्रा केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि शिवभक्तों की आस्था, संस्कृति और सनातन परंपरा का जीवंत उत्सव है। श्रावण मास के तृतीय सोमवार 17 अगस्त सोमवार को निकलने वाली यह भव्य पालकी यात्रा नगरवासियों को भगवान भोलेनाथ की भक्ति से जोड़ते हुए धर्म, संस्कृति और सामाजिक समरसता का संदेश देती है।

# नेताओं की एकजुटता से ही कांग्रेस की जीत संभव : अजय सिंह

**नईदुनिया प्रतिनिधि, बरेलीः** नगर के जी.के. पैलेस होटल में आयोजित कांग्रेस के जनसंवाद कार्यक्रम में पूर्व मंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह राहुल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। अपने संबोधन में अजय सिंह राहुल ने कहा कि कांग्रेस के कार्यकर्ता पूरी निष्ठा के साथ संगठन के लिए काम कर रहे हैं, लेकिन पार्टी की मजबूती के लिए नेताओं के बीच भी पूर्ण एकजुटता जरूरी है। उन्होंने कहा कि यदि सभी नेता गुटबाजी छोड़कर एकजुट होकर काम करें तो कांग्रेस को जीतने से कोई नहीं रोक सकता। उन्होंने विश्वास जताया कि आगामी विधानसभा चुनाव में कांग्रेस बेहतर प्रदर्शन करेगी और मध्यप्रदेश में सरकार बनाएगी।

पूर्व विधायक भगवान सिंह राजपूत ने टिकट वितरण में समर्पित और निष्ठावान कांग्रेस कार्यकर्ताओं को प्राथमिकता देने की बात कही। जिला कांग्रेस अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक देवेंद्र पटेल ने कहा कि संगठन की मजबूती और सभी नेताओं-कार्यकर्ताओं की एकजुटता ही जीत की कुंजी है। किसान कांग्रेस जिला अध्यक्ष रणजीत सिंह रघुवंशी ने किसानों से जुड़े मुद्दे उठाते हुए सरकार की नीतियों की आलोचना की। पूर्व शिक्षा मंत्री राजकुमार पटेल और राजीव पालीवाल ने भी संगठन को मजबूत बनाने पर जोर दिया।

कार्यक्रम में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष कौशलेंद्र चौधरी, नगर अध्यक्ष निलेश शर्मा, खालिद ठेकेदार, गिरीश पालीवाल, प्रशांत द्विवेदी, ज्ञानेंद्र राजपूत, इदरीश हयात, दीपक रघुवंशी, हुकुम सिंह ठाकुर, अनूप जैन, प्रदीप ठाकुर, छविराम विश्वकर्मा, राजा भार्गव सहित कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन एडवोकेट विशाल सिंह ठाकुर ने आभार प्रदर्शन एडवोकेट अफजल अली ने व्यक्त किया।

# मूंग खरीदी और खाद संकट को लेकर कांग्रेस का प्रदर्शन



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भैरूंदाः** तहसील के लाड़कुई में शनिवार को मूंग की शत-प्रतिशत खरीदी, ई-टोकन व्यवस्था समाप्त करने और खाद की उपलब्धता सुनिश्चित करने की मांग को लेकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में किसानों और कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान पुतला दहन रोकने को लेकर पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच हल्की झूमाझटकी भी हुई।

प्रदर्शनकारियों ने राज्य सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और प्रदेश के कृषि मंत्री का प्रतीकात्मक पुतला जलाकर विरोध दर्ज कराया। पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित करते हुए कानून-व्यवस्था बनाए रखी।

यूथ कांग्रेस प्रदेश महासचिव संजय पटेल ने आरोप लगाया कि किसानों को पर्याप्त मात्रा में यूरिया और डीएपी खाद नहीं मिल रही है तथा ई-टोकन व्यवस्था के कारण उन्हें अपनी उपज बेचने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने सरकार से मूंग की 100 प्रतिशत खरीदी सुनिश्चित करने और ई-टोकन व्यवस्था समाप्त करने की मांग की।

प्रदेश कांग्रेस सचिव एवं बुधनी विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी विक्रम मस्ताल शर्मा ने कहा कि अच्छी पैदावार के बावजूद किसान अपनी उपज नहीं बेच पा रहे हैं। उन्होंने खरीदी केंद्रों की अव्यवस्था, धीमी प्रक्रिया और खाद की कमी को किसानों की परेशानी का प्रमुख कारण बताया। कांग्रेस नेताओं ने सभी पंजीकृत किसानों की पूरी उपज खरीदने, खरीदी की समय-सीमा बढ़ाने, केंद्रों पर बेहतर व्यवस्था करने और खाद की उपलब्धता सुनिश्चित करने की मांग की।

उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने जल्द समाधान नहीं किया तो आंदोलन को और व्यापक बनाया जाएगा। प्रदर्शन में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष चंदर मीणा, यूथ कांग्रेस प्रदेश महासचिव संजय पटेल, राजकुमार पटेल सहित बड़ी संख्या में किसान और कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## किसान कांग्रेस का उग्र प्रदर्शन



**नईदुनिया प्रतिनिधि, सीहोरः** किसान हितों से जुड़े विभिन्न मुद्दों को लेकर शनिवार, 18 जुलाई को जिला कांग्रेस कार्यालय में किसान कांग्रेस ने जोरदार प्रदर्शन किया। किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह चौहान के निर्देश पर आयोजित इस प्रदर्शन का नेतृत्व जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष जगदीश चौहान ने किया। कार्यक्रम में जिले के सभी ब्लॉक अध्यक्षों, प्रदेश एवं जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारियों तथा बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

सभा को संबोधित करते हुए वरिष्ठ कांग्रेस नेता ओम वर्मा ने कहा कि किसानों को बिना किसी भेदभाव और तकनीकी बाधा के अपनी उपज बेचने का पूरा अधिकार मिलना चाहिए। उन्होंने मांग की कि खरीदी प्रक्रिया को सरल, पारदर्शी और पूर्णत: किसान हितैषी बनाया जाए, ताकि किसानों को अनावश्यक परेशानियों का सामना न करना पड़े। जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष जगदीश चौहान ने कहा कि किसानों को उनकी उपज का समय पर भुगतान और सम्मानजनक व्यवस्था उपलब्ध कराना सरकार की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि अन्नदाता का अपमान किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा। सरकार किसानों के धैर्य की परीक्षा लेना बंद करे और उनकी मेहनत का उचित सम्मान करते हुए उनकी सभी जायज मांगों का शीघ्र समाधान करे।

# पेंशनरों के हित में बड़ा फैसला, डीए घोषणा में दोनों राज्यों की पारस्परिक सहमति की अनिवार्यता समाप्त



**नईदुनिया प्रतिनिधि, सीहोरः** मध्य प्रदेश शासकीय अधिकारी-कर्मचारी जनकल्याण संघ ने पेंशनरों के महंगाई भत्ते (डीए) की घोषणा में मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ सरकारों के बीच पारस्परिक सहमति की अनिवार्यता समाप्त किए जाने के निर्णय का स्वागत किया है। संघ ने इसे पेंशनरों के हित में एक ऐतिहासिक एवं सराहनीय कदम बताया है।

संघ के प्रांताध्यक्ष रामगोपाल सेन ने मुख्यमंत्री, वित्त मंत्री एवं मुख्य सचिव को पत्र प्रेषित कर इस महत्वपूर्ण निर्णय के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि 15 जुलाई 2026 को दोनों राज्यों के वित्त सचिवों द्वारा इस संबंध में सहमति पत्र पर हस्ताक्षर किए जाने के बाद पेंशनरों के लिए डीए स्वीकृति की प्रक्रिया अधिक सरल और समयबद्ध हो सकेगी।

रामगोपाल सेन ने कहा कि अब मध्य प्रदेश एवं छत्तीसगढ़ के पेंशनरों को भी केंद्र सरकार के समान समय पर महंगाई भत्ते का लाभ मिलने का मार्ग प्रशस्त होगा। उन्होंने इसे लंबे समय से लंबित पेंशनरों की मांग पूरी होने की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया।

संघ ने विश्वास व्यक्त किया कि इस निर्णय से हजारों पेंशनरों को राहत मिलेगी और भविष्य में महंगाई भत्ते की घोषणा अनावश्यक प्रशासनिक विलंब से प्रभावित नहीं होगी। इस अवसर पर मध्य प्रदेश शासकीय अधिकारी-कर्मचारी जनकल्याण संघ के प्रांताध्यक्ष रामगोपाल सेन सहित बी.एम. सिंह सिसोदिया, सिद्धू सिंह ठाकुर, पी.के. श्रीवास्तव, शंकर शर्मा, बी.एस. देवड़ा, आलोक शर्मा, इंदर सिंह वर्मा, महेश बगबैया, मूलचंद दहेलिया, मोहन सोनगरा, मदनलाल वर्मा, भगवती प्रसाद गेहलोत, बलराम सिसोदिया, बहादुर सिंह परमार, सुनील भार्गव, चंद्रकांति श्रीवास्तव सहित अन्य पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने मध्य प्रदेश एवं छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्रियों का आभार व्यक्त करते हुए इस निर्णय का स्वागत किया।


**न्यायालय अपर आयुक्त, भोपाल संभाग, भोपाल**

प्रकरण क्र. 0379/अपील/2025-26

भोपाल दिनांक 15/06/2026

श्रीमती रामशीला व अन्य पत्नी स्व. श्री संतरसिंह, निवासी ग्राम बावई तहसील बाडी जिला रायसेन..**विरुद्ध...** गणेशराम व अन्य आ.स्व. श्री चरणसिंह निवासी ग्राम बाडी बावई तहसील बाडी जिला रायसेन

**सूचना पत्र**

1. गणेशराम आ. स्व. श्री चरणसिंह निवासी ग्राम बाडी बावई तहसील बाडी जिला रायसेन 2 श्रीमती केराबाई पत्नी श्री बडडे भैया 3. दलवीर सिंह आ. श्री करनैल सिंह निवासी बालाजी मंदिर के पास बाडी तहसील बाडी जिला रायसेन 4. स्वर्णसिंह आ. श्री करनैल सिंह 5. सलखनसिंह आ. श्री करनैल सिंह निवासी पेट्रोलपंप के पास बक्तर रोड बाडी तहसील बाडी जिला रायसेन 6. हरप्रसाद आ. श्री शंकरलाल विनोद कुमार आ. श्री शंकरलाल निवासी ग्राम पाटनी तहसील बाडी जिला रायसेन एतद द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि अपीलार्थी श्रीमती रामशीला व अन्य पत्नी स्व. श्री संवरसिंह निवासी ग्राम बावई तहसील बाडी जिला रायसेन द्वारा अनुविभागीय अधिकारी सुहसील बरेली जिला रायसेन के अपील प्रकरण क्रमांक 0030/अपील/2016-17 में पारित आदेश दिनांक 26.02.2018 के विरूद्ध इस न्यायालय के समक्ष अपील प्रस्तुत की गई है। अतः इस न्यायालय में दिनांक 21.07.2026 को प्रातः 11.00 बजे आप स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उक्त प्रकरण से संबंधित अभिलेख सहित अनिवार्य रूप से उपस्थित हो । अनुपस्थिति की दशा में आपके विरुद्ध विधिवत एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी। यह सूचना पत्र आज दिनांक 15.06.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से जारी किया गया।

**(शिवराज सिंह वर्मा)**
**अपर आयुक्त**
**भोपाल संभाग,भोपाल**

992